रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 852] नई दिल्ली, शुक्रवार, मई 13, 2011/वैशाख 23, 1933
No. 852] NEW DELHI, FRIDAY, MAY 13, 2011/VAISAKHA 23, 1933

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 13 मई, 2011

(आय-कर)

का.आ. 1049(अ).—जबकि, करों के संबंध में सूचना के आदान-प्रदान के लिए भारत गणराज्य की सरकार और बहामास राष्ट्रमंडल की सरकार के बीच करार पर 11 फरवरी, 2011 को नसाऊ, बहामास में एक करार पर हस्ताक्षर किए गए थे (जिसे इसके बाद उक्त करार कहा जाएगा);

और जबकि, उक्त करार के अनुच्छेद 13 के पैराग्राफ 2 के अनुसरण में, उक्त करार को प्रवृत्त करने के लिए संबंधित कानूनों द्वारा यथाअपेक्षित प्रक्रियाओं के पूरा होने से संबंधित अधिसूचनाओं में से परवर्ती अधिसूचना की तारीख होने के कारण, उक्त करार के प्रवृत्त होने की तारीख 1 मार्च, 2011 है;

और जबकि, उक्त करार के अनुच्छेद 13 के पैराग्राफ 2 में व्यवस्था की गई है कि करार पर हस्ताक्षर होने की तारीख को अथवा उसके बाद आरंभ होने वाली सभी कर योग्य अवधियों के लिए अथवा जहां पर प्रभार्य अवधि नहीं है, वहां करार के हस्ताक्षर होने की तारीख को अथवा उसके बाद उत्पन्न होने वाले कर पर सभी प्रभारों के लिए उक्त करार के उपबंध अनुच्छेद-I में वर्णित सभी मामलों के संबंध में लागू होंगे।

अत: अब, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 90 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निर्देश देती है कि करों के संबंध में सूचना के आदान-प्रदान के लिए भारत गणराज्य की सरकार और बहामास राष्ट्रमण्डल की सरकार के बीच करार के सभी उपबंध, जैसाकि उससे संबंधित अनुबंध में निर्धारित किए गए हैं, करार के हस्ताक्षर होने की तारीख (अर्थात् 11 फरवरी, 2011) को अथवा उसके बाद आरंभ होने वाली सभी कर योग्य अवधियों के लिए अथवा जहां कोई कर योग्य अवधि नहीं है वहां करार के हस्ताक्षर होने की तारीख को अथवा उसके बाद उत्पन्न कर पर सभी प्रभारों के लिए अनुच्छेद-I में वर्णित सभी मामलों के संबंध में, भारत संघ में प्रभावी होंगे ।

[अधिसूचना सं. 25/2011/फा. सं. 503/6/2009-एफटीडी-I]

संजय कुमार मिश्रा, संयुक्त सचिव

उपाबंध

करों के संबंध में सूचना के आदान-प्रदान

हेतु

भारत गणराज्य की सरकार

और

बहामास राष्ट्रमण्डल की सरकार

के बीच करार

भारत गणराज्य की सरकार और बहामास राष्ट्रमण्डल की सरकार, करों के संबंध में सूचना के आदान-प्रदान को सुगम बनाने की इच्छा से, निम्नानुसार सहमत हुई हैं :

अनुच्छेद 1
करार का उद्देश्य एवं कार्य-क्षेत्र

संविदाकारी पक्षों के सक्षम प्राधिकारी सूचना के आदान-प्रदान के माध्यम से, जो कि इस करार के अंतर्गत आने वाले करों के संबंध में संविदाकारी पक्षों के घरेलू कानूनों के प्रशासन एवं प्रवर्तन से अनुमानतः संगत हैं, सहायता उपलब्ध कराएंगे, । ऐसी सूचना में वह जानकारी शामिल होगी जो अनुमानतः ऐसे करों के निर्धारण, मूल्यांकन और संग्रहण, कर दावों की वसूली और प्रवर्तन अथवा कर मामलों की जांच-पड़ताल या अभियोजन से संबंधित है । इस करार के उपबंधों के अनुसार सूचना का आदान-प्रदान किया जाएगा और उसे अनुच्छेद 8 में उपलब्ध कराए गए तरीके में गोपनीय माना जाएगा । अनुरोधित पक्ष के कानूनों अथवा प्रशासनिक प्रथा द्वारा व्यष्टियों को प्राप्त कराए गए अधिकार और रक्षोपाय उस सीमा तक प्रयोज्य रहेंगे जहां तक कि वे सूचना के प्रभावी आदान-प्रदान में अनुचित रूप से बाधा न डाले अथवा उसे विलम्बित न करें ।

अनुच्छेद 2
क्षेत्राधिकार

सूचना का आदान-प्रदान इस करार के अनुसार किया जाएगा, इस बात का ध्यान किए बिना कि वह व्यक्ति जिससे ये सूचना संबंध रखती है अथवा जिसके द्वारा सूचना धारित की गई है, किसी एक संविदाकारी पक्ष का निवासी है । तथापि, अनुरोधित पक्ष ऐसी सूचना को उपलब्ध कराने के लिए बाध्यकारी नहीं है जो न तो उसके प्राधिकारियों के पास है और न ही उन व्यक्तियों के पास अथवा नियंत्रण में है, जो उसके राज्य-क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार में हैं ।

अनुच्छेद 3
सम्मिलित कर

1. कर, जो इस करार के विषय हैं, इस प्रकार हैं :

   क) भारत में : केन्द्रीय सरकार अथवा राजनीतिक उप-प्रभागों की सरकारों अथवा स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा लगाए गए प्रत्येक प्रकार तथा विवरण के कर, इस बात का विचार किए बिना कि वे किस तरीके से लगाए गए हैं ;

   ख) बहामास में : प्रत्येक प्रकार और विवरण के कर ।

2. यह करार, विद्यमान करों के अतिरिक्त अथवा उनके स्थान पर इस करार के हस्ताक्षरित होने की तारीख के बाद लगाए गए किन्हीं समरूप अथवा पर्याप्त रूप से समान करों पर भी लागू होगा । संविदाकारी पक्षों के सक्षम प्राधिकारी कराधान और संचयन के सूचना से संबंधित सूचना के संबंध में किन्हीं महत्वपूर्ण परिवर्तनों के बारे में एक-दूसरे को एक उचित समय के भीतर अधिसूचित करेंगे, जो इस करार के अनुसरण में उस पक्ष की बाध्यताओं को प्रभावित कर सकते हैं ।

अनुच्छेद 4
परिभाषाएं

1. इस करार के प्रयोजनार्थ, जब तक कि अन्यथा परिभाषित न किया जाए :

   क) पद "भारत" से तात्पर्य भारत का भू-क्षेत्र और इसमें सीमांतर्गत समुद्र और उस के ऊपर का हवाई क्षेत्र तथा कोई अन्य समुद्रवर्ती क्षेत्र है जिस पर

भारतीय कानून के अनुसार तथा समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र के अभिसमय सहित अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार भारत का प्रभुसत्ता सम्पन्न अधिकार, अन्य अधिकार और क्षेत्राधिकार हैं;

ख) पद "बहामास" से तात्पर्य बहामास राष्ट्रमण्डल से है जिसमें भूमि, राज्यक्षेत्रीय जल और अंतरराष्ट्रीय कानून तथा बहामास के कानूनों के अनुसार राज्यक्षेत्रीय जल के बाहर का कोई क्षेत्र सम्मिलित है जिसमें विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र और समुद्रतल तथा अवमृदा शामिल है जिस पर प्राकृतिक संसाधनों के अन्वेषण, दोहन तथा संरक्षण के प्रयोजनार्थ बहामास के क्षेत्राधिकार एवं प्रभुसत्ता सम्पन्न अधिकारों का प्रयोग करता है ;

ग) पद "संविदाकारी पक्ष" से तात्पर्य भारत अथवा बहामास से है, जैसा भी संदर्भ द्वारा अपेक्षित हो ;

घ) पद "सक्षम प्राधिकारी" से तात्पर्य -

(i) भारत के मामले में, वित्त मंत्री, भारत सरकार अथवा उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि हैं ;

(ii) बहामास के मामले में, वित्त मंत्री अथवा मंत्री के प्राधिकृत प्रतिनिधि हैं ;

ङ.) पद "व्यक्ति" में कोई व्यक्ति, कोई कम्पनी, व्यक्तियों का निकाय और कोई अन्य संस्था शामिल है जिसे संबंधित संविदाकारी पक्षों में प्रवृत्त कराधान कानूनों के तहत कराधेय इकाई के रूप में माना जाता है ;

च) पद "कम्पनी" से तात्पर्य कोई निगमित निकाय अथवा कोई संस्था है जिसे कर प्रयोजनों के लिए एक निगमित निकाय माना जाता है ;

छ) पद "सार्वजनिक रूप से व्यापार करने वाली कम्पनी" से तात्पर्य ऐसी किसी कम्पनी से है जिसके शेयरों का प्रमुख वर्ग किसी मान्यता-प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध है बशर्ते उसके सूचीबद्ध शेयर सहज ही जनता द्वारा क्रय अथवा विक्रय किए जा सकते हों । शेयर "जनता द्वारा" क्रय अथवा विक्रय तभी किए जा सकते हैं यदि शेयरों का यह क्रय अथवा विक्रय

प्रत्यक्षतः अथवा अप्रत्यक्षतः निवेशकों के सीमित समूह तक ही प्रतिबंधित न हों ;

ज) पद "शेयरों का प्रमुख वर्ग" से तात्पर्य वोट देने की शक्ति और कम्पनी के मूल्य के बहुमत का प्रतिनिधित्व करने वाले शेयरों के वर्ग अथवा वर्गों से है;

झ) पद "सामूहिक निवेश निधि अथवा योजना" से तात्पर्य किसी निकाय में किए गए सामूहिक निवेश के साधन से है, चाहे उसका कानूनी रूप कुछ भी हो ;

ञ) पद "सार्वजनिक सामूहिक निवेश निधि अथवा योजना" से तात्पर्य किसी सामूहिक निवेश निधि अथवा योजना से है बशर्ते कि ऐसी निधि अथवा योजना में युनिटों, शेयरों अथवा अन्य हितों को जनता द्वारा सहज ही खरीदा, बेचा अथवा पुनः प्राप्त किया जा सकता है । निधि अथवा योजना में युनिटों, शेयरों अथवा अन्य हितों का "जनता द्वारा" सहज ही खरीदा, बेचा अथवा पुनः प्राप्त किया जा सकता है यदि ऐसी खरीद, बिक्री अथवा पुनः प्राप्ति प्रत्यक्षतः अथवा अप्रत्यक्षतः निवेशकों के सीमित समूह तक ही प्रतिबंधित न हों ;

ट) पद "मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज" से तात्पर्य है -

(i) भारत में, भारत के प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज, बम्बई स्टॉक एक्सचेंज और कोई अन्य स्टॉक एक्सचेंज ;

(ii) बहामास में, बहामास इंटरनेशनल सिक्यूरीटीज़ एक्सचेंज ; और

(iii) कोई अन्य स्टॉक एक्सचेंज, जिसे सक्षम प्राधिकारी इस करार के प्रयोजनार्थ मान्यता देने के लिए सहमत हों ;

ठ) पद "कर" से तात्पर्य ऐसा कर है, जिस पर यह करार लागू होता है ;

ड) पद "अनुरोध करने वाले पक्ष" से तात्पर्य, उस संविदाकारी पक्ष से है जो अनुरोधित पक्ष से सूचना प्राप्त करने के लिए अनुरोध प्रस्तुत करता है अथवा उनसे सूचना प्राप्त करता है ;

1712 GI/11-2

ढ) पद "अनुरोधित पक्ष" से तात्पर्य उस संविदाकारी पक्ष से है जिससे सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाता है अथवा जिसने सूचना उपलब्ध कराई है ;

ण) पद "सूचना एकत्र करने वाले उपाय" से तात्पर्य कानूनी और प्रशासनिक अथवा न्यायिक कार्य प्रक्रियाओं से है जो किसी संविदाकारी पक्ष को अनुरोध की गई जानकारी प्राप्त करने और उपलब्ध कराने में सक्षम बनाते हैं ; और

त) पद "सूचना" से तात्पर्य कोई तथ्य, दस्तावेज अथवा रिकार्ड से है, चाहे वह किसी भी रूप में हो ।

2. जहां तक किसी संविदाकारी पक्ष द्वारा किसी भी समय इस करार को लागू किए जाने का संबंध है, इसमें परिभाषित न किए गए किसी पद का, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, अथवा सक्षम प्राधिकारी इस करार के अनुच्छेद -12 के उपबंधों के अनुसरण में किसी आम अर्थ पर सहमत न हो, वहीं अर्थ होगा जो उस पक्ष के कानून के तहत उस समय हो, उस पक्ष के प्रयोज्य कर कानूनों के अंतर्गत कोई अर्थ उस पक्ष के अन्य कानूनों के तहत पद को दिए गए अर्थ की तुलना में रहता है ।

अनुच्छेद 5
अनुरोध पर सूचना का आदान-प्रदान

1. अनुरोध किए जाने पर अनुरोधित पक्ष का सक्षम प्राधिकारी अनुच्छेद 1 में उल्लिखित प्रयोजनों के लिए सूचना उपलब्ध कराएगा । ऐसी सूचना का आदान-प्रदान इस बात का विचार किए बिना किया जाएगा कि क्या अनुरोध करने वाले पक्ष को ऐसी सूचना की आवश्यकता अपने स्वयं के कर-प्रयोजनों के लिए है अथवा क्या वह आचरण जिसकी जांच-पड़ताल की जा रही है, वह अनुरोधित पक्ष के अंतर्गत अपराध होगा यदि ऐसा आचरण अनुरोधित पक्ष में घटित होता है ।

2. यदि अनुरोधित पक्ष के सक्षम प्राधिकारी के आधिपत्य में कोई सूचना उस रूप में पर्याप्त नहीं है कि वह सूचना के लिए किए गए अनुरोध को पूरा करने में समर्थ हो तो वह पक्ष अनुरोधित सूचना को अनुरोध करने वाले पक्ष को उपलब्ध कराने के लिए सभी प्रासंगिक सूचना एकत्र करने के सभी उपायों का प्रयोग करेगा इस बात का ध्यान किए बिना कि

अनुरोधित पक्ष को ऐसी सूचना की आवश्यकता अपने स्वयं के कर प्रयोजनों के लिए नहीं भी हो सकती है ।

3. यदि अनुरोध करने वाले पक्ष के सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशेष रूप से अनुरोध किया जाता है तो अनुरोधित पक्ष का सक्षम प्राधिकारी गवाहों के अभिसाक्ष्य तथा मूल रिकार्डों की अधिप्रमाणित प्रतियों के रूप में अपने घरेलू कानूनों के तहत अनुज्ञेय सीमा तक, इस अनुच्छेद के अंतर्गत सूचना उपलब्ध कराएगा ।

4. प्रत्येक संविदाकारी पक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि उसके सक्षम प्राधिकारी को, इस करार के प्रयोजनार्थ अनुरोध पर निम्न को प्राप्त करने और उपलब्ध कराने का प्राधिकार रखता है :

क) बैंकों, अन्य वित्तीय संस्थानों, किसी एजेंसी अथवा न्यासी क्षमता में कार्य कर रहे किसी व्यक्ति, जिसमें नामजद व्यक्ति और न्यासी भी शामिल है, द्वारा धारित कोई सूचना ;

ख) कम्पनियों के कानूनी और लाभग्राही स्वामित्व, भागीदारी, सामूहिक निवेश निधियाँ अथवा स्कीमें, न्यासी, फाउंडेशन, "आन्सटालटन" और अन्य व्यक्ति, जिनमें अनुच्छेद 2 की सीमाओं के अंतर्गत किसी स्वामित्व श्रृंखला में सभी ऐसे व्यक्तियों की स्वामित्व सूचना सहित सामूहिक निवेश निधियों अथवा स्कीमों के मामले में, शेयरों, यूनिटों और अन्य हितों के बारे में सूचना, न्यासों के मामले में अवस्थापक, न्यासियों और लाभभोगियों के संबंध में सूचना, संस्था के मामले में संस्थापकों, संस्था परिषद के सदस्यों और लाभग्राहियों के बारे में सूचना और ऐसी सत्ताओं के बारे में ऐसी ही जानकारी जो न तो न्यास हैं और न ही संस्था है ।

5. यह करार सार्वजनिक रूप से व्यापार करने वाली कम्पनियों अथवा सार्वजनिक सामूहिक निवेश निधियां अथवा स्कीमों के संबंध में स्वामित्व संबंधी सूचना प्राप्त करने अथवा उपलब्ध कराने के लिए संविदाकारी पक्षों को बाध्य नहीं बनाती जब तक कि ऐसी सूचना विषम कठिनाईयाँ बढ़ाए बिना प्राप्त की जा सकती हो ।

6. अनुरोध करने वाले पक्ष के सक्षम प्राधिकारी अनुरोध के साथ सूचना की अनुमानित प्रासंगिकता का प्रदर्शन करने के लिए करार के तहत सूचना के लिए अनुरोध करते समय अनुरोध किए जाने वाले पक्ष के सक्षम प्राधिकारी को लिखित में निम्नलिखित सूचना उपलब्ध कराएंगे :

क) जांच अथवा पूछताछ के अंतर्गत करदाता की पहचान ;

ख) यदि परिचित हो, तो उस व्यक्ति की पहचान, जिसके संबंध में जानकारी के लिए अनुरोध किया जा रहा है, यदि वह व्यक्ति उप-पैराग्राफ (क) में करदाता नहीं है ;

ग) वह अवधि, जिसकी सूचना के लिए अनुरोध किया गया है ;

घ) अनुरोध की गई सूचना का स्वरूप तथा वह प्रारूप जिसमें अनुरोध करने वाला पक्ष उसे प्राप्त करने को प्राथमिकता देगा ;

ड.) कर प्रयोजन जिसके लिए सूचना मांगी गई है;

च) यह विश्वास करने के कारण कि अनुरोध की गई सूचना अनुरोधित पक्ष के पास है अथवा अनुरोधित पक्ष के क्षेत्राधिकार के भीतर किसी व्यक्ति के अधिकार अथवा नियंत्रण में है ;

छ) जहां तक संभव हो किसी व्यक्ति का नाम और पता, जिसके पास अनुरोधित सूचना होने अथवा उसके नियंत्रण में होने का अनुमान है ;

ज) कानूनी प्रावधान जिसके तहत जांच-पड़ताल, कर-निर्धारण अथवा पूछताछ की जाती है, और एक विवरण यह बताते हुए कि यह अनुरोध, अनुरोधकर्त्ता पक्ष के कानूनों और प्रशासनिक पद्धतियों के अनुरूप है, और यह कि यदि अनुरोधित सूचना अनुरोधकर्त्ता पक्ष के क्षेत्राधिकार में थी तो अनुरोधकर्त्ता पक्ष का सक्षम प्राधिकारी अनुरोधकर्त्ता पक्ष के कानूनों के तहत अथवा प्रशासनिक पद्धति की सामान्य प्रक्रिया के तहत यह इस करार के अनुरूप है सूचना प्राप्त करने में सक्षम होगा; और

झ) यह विवरण देते हुए कि अनुरोधकर्त्ता पक्ष ने सूचना को प्राप्त करने के लिए अपने स्वयं के राज्यक्षेत्र में उपलब्ध सभी साधन अपनाए हैं, सिवाए उनके, जो अत्यधिक कठिनाईयों को बढ़ाएंगे ।

7. अनुरोधित पक्ष का सक्षम प्राधिकारी शीघ्रातिशीघ्र अनुरोधित सूचना को अनुरोधकर्त्ता पक्ष को अग्रेषित करेगा । शीघ्र प्रत्युत्तर सुनिश्चित करने के लिए अनुरोधित पक्ष का सक्षम प्राधिकारी निम्न कार्य करेगा :

क) अनुरोधकर्त्ता पक्ष के सक्षम प्राधिकारी को लिखित में अनुरोध प्राप्ति की पुष्टि करेगा तथा अनुरोध में कमियों को, यदि कोई हों, अनुरोध की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर अनुरोधकर्त्ता पक्ष के सक्षम प्राधिकारी को अधिसूचित करेगा ।

ख) यदि अनुरोधित पक्ष का सक्षम प्राधिकारी अनुरोध की प्राप्ति के 90 दिनों के भीतर सूचना को प्राप्त करने एवं प्रदान करने में असमर्थ होता है, जिसमें सूचना को प्रस्तुत करने में पेश आई बाधाएं शामिल हैं अथवा सूचना प्रदान करने में उसकी अस्वीकृति है तो यह तत्काल अपनी असमर्थता, बाधाओं के स्वरूप अथवा अपनी अस्वीकृति के कारणों को स्पष्ट करते हुए अनुरोधकर्त्ता पक्ष को सूचित करेगा ।

अनुच्छेद 6
विदेश में कर जांच

1. अनुरोधकर्त्ता पक्ष के सक्षम प्राधिकारी के अनुरोध पर अनुरोधित पक्ष, अनुरोधकर्त्ता पक्ष को सक्षम प्राधिकारी के प्रतिनिधियों को इसके अन्तरदेशीय कानूनों के तहत अनुमत्य सीमा तक, व्यष्टियों अथवा अन्य संबंधित व्यक्तियों की पूर्व लिखित सहमति से व्यष्टियों के साक्षात्कार हेतु और रिकार्डों की जांच करने के लिए अनुरोधित पक्ष के राज्यक्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति दे सकता है । अनुरोधकर्त्ता पक्ष का सक्षम प्राधिकारी, संबंधित व्यक्तियों के साथ अभिप्रेत बैठक के समय एवं स्थान के बारे में अनुरोधित पक्ष के सक्षम प्राधिकारी को अधिसूचित करेगा ।

2. अनुरोधकर्त्ता पक्ष के सक्षम प्राधिकारी के अनुरोध पर, अनुरोधित पक्ष, अनुरोधकर्त्ता पक्ष के सक्षम प्राधिकारी के प्रतिनिधियों को अनुरोधित पक्ष में कर जांच के उपयुक्त भाग में प्रस्तुत रहने की अनुमति दे सकता है, जिस मामले में अनुरोधित पक्ष का सक्षम प्राधिकारी जांच कर रहा हो, जांच के संबंध में समय एवं स्थान, जांच करने के लिए प्राधिकारी अथवा नामोदिष्ट अधिकारी तथा जांच कार्य आरंभ करने के लिए अनुरोधित पक्ष द्वारा अपेक्षित शर्तों एवं प्रक्रियाओं के बारे में अनुरोधकर्त्ता पक्ष के सक्षम प्राधिकारी को शीघ्रातिशीघ्र अधिसूचित करेगा । कर जांच के संचालन के संबंध में सभी निर्णय जांच संचालित करने वाले पक्ष द्वारा किए जाएंगे ।

अनुच्छेद 7
सूचना हेतु अनुरोध को अस्वीकार करने की संभावना

1. अनुरोधित पक्ष का सक्षम प्राधिकारी निम्न के संबंध में सहायता करने के लिए मना कर सकता है :

क) जहां अनुरोध इस करार के अनुरूप नहीं किया गया हो ;

ख) जहां अनुरोधकर्त्ता पक्ष ने सूचना को प्राप्त करने के लिए अपने राज्यक्षेत्र में उपलब्ध सभी साधनों का अनुप्रयोग नहीं किया हो, सिवाय उनके जहां ऐसे साधनों का आश्रय लेने से अत्यधिक कठिनाई उत्पन्न होगी ; अथवा

ग) जहां सूचना का प्रकटन अनुरोधित पक्ष की लोक नीति (ऑर्डर पब्लिक) के प्रतिकूल होगा ।

2. यह करार एक संविदाकारी पक्ष पर निम्न बाध्यता को अधिरोपित नहीं करेगा :

क) ऐसी सूचना देना जो किसी व्यापारिक, कारोबारी, औद्योगिक, वाणिज्यिक अथवा व्यावसायिक गोपनीयता अथवा व्यापार प्रक्रिया को प्रकट करेगी, बशर्ते कि अनुच्छेद 5 के पैराग्राफ 4 में वर्णित सूचना को सिर्फ इस कारण से ऐसे गुप्त अथवा व्यापार प्रक्रिया के रूप में नहीं समझा जाएगा कि यह उस पैराग्राफ में वर्णित मापदण्ड को पूरा करती है;

ख) इसके कानूनों और प्रशासनिक कार्यों से भिन्न प्रशासनिक उपाय करना बशर्ते इस उप-पैराग्राफ में ऐसा कुछ नहीं है, जो कि अनुच्छेद 5 के पैराग्राफ 4 के अंतर्गत संविदाकारी पक्ष की बाध्यताओं को प्रभावित करे ; अथवा

ग) ऐसी सूचना प्राप्त करना अथवा प्रदान करना जो एक ग्राहक (अथवा उसके स्वीकृत कानूनी प्रतिनिधि) और व्यावसायिक कानूनी सलाहकार के बीच गोपनीय बातचीत को प्रकट करेगा, जहां ऐसी बातचीत को :

(i) कानूनी सलाह मांगने अथवा उपलब्ध कराने के प्रयोजनार्थ प्रस्तुत किया गया हो; अथवा

(ii) मौजूदा अथवा अपेक्षित कानूनी कार्यवाहियों में प्रयोग के प्रयोजनार्थ प्रस्तुत किया गया हो ।

आपराधिक प्रयोजन को बढ़ाने के उद्देश्य से रखी गई सूचना कानूनी विशेषाधिकार के अधीन नहीं होती है और इस अनुच्छेद में ऐसा कुछ नहीं है जो एक व्यावसायिक कानूनी सलाहकार को एक ग्राहक का नाम एवं पता मुहैया कराने से रोकेगा जहां ऐसा करना कानूनी विशेषाधिकार का उल्लघंन करना नहीं होगा ।

3. सूचना हेतु अनुरोध को इस आधार पर मना नहीं किया जाएगा कि कर दावा जिसके कारण अनुरोध किया गया है, विवादित है ।

4. अनुरोधित पक्ष उस सूचना को प्राप्त करने अथवा प्रदान करने की अपेक्षा नहीं रखेगा जिसे अनुरोधकर्त्ता पक्ष प्रशासनिक प्रयोजन के लिए अथवा अपने कर कानूनों को लागू करने के लिए अथवा इस करार के अंतर्गत अनुरोधित पक्ष से किसी वैध अनुरोध के प्रत्युत्तर में अपने कानूनों के तहत इसी तरह की परिस्थितियों में प्राप्त करने के लिए असमर्थ होगा ।

5. यदि संविदाकारी पक्ष सहमत हैं, कि इस करार के तहत सूचना संबंधी अनुरोध के कुछ अंश अपूर्ण हैं, जबकि अनुरोध के अन्य हिस्से करार की अपेक्षाओं को पूरा करते हों, तो अनुरोधित पक्ष का सक्षम प्राधिकारी, ऐसी सूचना मुहैया कराएगा, जो अनुरोध के उस हिस्से के अनुकूल है, जो करार की अपेक्षाओं को पूरा करता है ।

6. अनुरोधित पक्ष सूचना हेतु अनुरोध को उस स्थिति में इंकार कर सकता है यदि सूचना के लिए अनुरोध आवेदक पक्ष द्वारा आवेदक पक्ष के कर कानून के उपबंध को अथवा उससे जुड़े किसी अपेक्षा को संचालित अथवा लागू करने के लिए किया जाता है, जो अनुरोधित पक्ष के राष्ट्रिक के प्रति उन्हीं परिस्थितियों में आवेदक पक्ष के एक राष्ट्रिक की तुलना में पक्षपात करता है ।

अनुच्छेद 8
गोपनीयता

इस करार के अंतर्गत एक संविदाकारी पक्ष द्वारा प्राप्त की गई किसी सूचना को गोपनीय समझा जाएगा और इसे सिर्फ संबंधित संविदाकारी पक्ष के क्षेत्राधिकार में व्यक्तियों अथवा प्राधिकारियों (जिसमें न्यायालय एवं प्रशासनिक निकाय शामिल हैं) को प्रकट किया जाएगा, जो इस करार में शामिल करों के संबंध में उसके निर्धारण अथवा उनकी वसूली

अथवा उसके संबंध में प्रवर्तन अथवा अभियोजन अथवा उनसे संबंधित अपीलों के निर्धारण से संबंधित हैं । ऐसे व्यक्ति अथवा प्राधिकारी, ऐसी सूचना का प्रयोग केवल ऐसे प्रयोजनों के लिए ही करेंगे । वे ऐसी सूचना को सार्वजनिक न्यायालय संबंधी कार्यवाहियों अथवा न्यायिक-निर्णयों में प्रकट कर सकते हैं । सूचना को अनुरोधित पक्ष के सक्षम प्राधिकारी की तुरंत लिखित सहमति के बगैर किसी अन्य व्यक्ति अथवा हस्ती अथवा प्राधिकारी अथवा किसी अन्य क्षेत्राधिकार को (जिसमें विदेशी सरकार शामिल है) प्रकट नहीं किया जाएगा ।

अनुच्छेद 9
लागत

1. लागतें, जो अनुरोधित पक्ष के अंतरदेशीय कर कानूनों को संचालित करने की सामान्य प्रक्रिया में उपगत होंगे, को अनुरोधित पक्ष द्वारा वहन किया जाएगा जब लागतें, सूचना के लिए अनुरोध को पूरा करने के प्रयोजन से की जाती हों । ऐसी सामान्य लागतों में सामान्य तौर पर आन्तरिक प्रशासन लागतें और कोई छोटी बाहरी लागतें शामिल होंगी ।

2. अन्य सभी लागतें, जो सामान्य लागतें नहीं हैं, को असाधारण लागत समझा गया है और इन्हें अनुरोधकर्त्ता पक्ष द्वारा वहन किया जाएगा । असाधारण लागतों में निम्नलिखित शामिल हैं, परन्तु ये सीमित नहीं हैं :

क) अनुसंधान करने के लिए तीसरे पक्षों द्वारा प्रभारित उचित शुल्क ;

ख) दस्तावेजों के प्रतिलिपीकरण हेतु तीसरे पक्षों द्वारा प्रभारित उचित शुल्क ;

ग) विशेषज्ञों से कार्य करवाने की उपयुक्त लागतें ;

घ) अनुरोधकर्त्ता पक्ष को दस्तावेज़ देने के लिए उपयुक्त लागतें ;

ड.) सूचना हेतु एक विशिष्ट अनुरोध के संबंध में अनुरोधित पक्ष की मुकदमेबाजी संबंधी उपयुक्त लागतें ; और

च) बयान अथवा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए उपयुक्त लागतें ।

3. किसी विशिष्ट मामले में, जहां असाधारण लागतों की 500 अमेरिकी डॉलर से अधिक बढ़ने की संभावना हो, संविदाकारी पक्ष यह निर्धारित करने के लिए विचार-विमर्श करेंगे कि अनुरोधकर्त्ता पक्ष अनुरोध करना जारी रखेगा और लागत को वहन करेगा ।

अनुच्छेद 10
विधान का कार्यान्वयन

संविदाकारी पक्ष करार की शर्तों का अनुपालन करने और उसे प्रवर्तित करने के लिए किसी सभी आवश्यक विधान को अधिनियमित करेंगे ।

अनुच्छेद 11
भाषा

सहायता के लिए अनुरोधों और उनके उत्तरों को अंग्रेजी भाषा में तैयार किया जाएगा ।

अनुच्छेद 12
पारस्परिक करार विधि

1. जहां करार को कार्यान्वित करने अथवा उसकी व्याख्या करने के संबंध में संविदाकारी पक्षों के बीच कठिनाइयां अथवा संदेह उत्पन्न होते हैं वहां सक्षम प्राधिकारी पारस्परिक सहमति से मामले को हल करने का प्रयास करेंगे । इसके अतिरिक्त, संविदाकारी पक्षों के सक्षम प्राधिकारी इस करार के अनुच्छेद 5 और 6 के तहत प्रयोग की जाने वाली प्रक्रियाओं पर पारस्परिक रूप से सहमत होंगे ।

2. संविदाकारी पक्षों के सक्षम प्राधिकारी इस अनुच्छेद के अंतर्गत करार करने के प्रयोजनार्थ एक-दूसरे से सीधे ही बातचीत करेंगे ।

3. संविदाकारी पक्ष विवाद हल करने के अन्य रूपों पर भी सहमत होंगे ।

अनुच्छेद 13
प्रवृत्त होना

1. संविदाकारी पक्ष इस करार को प्रवृत्त करने के लिए अपने संबंधित कानूनों के तहत अपेक्षित प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए राजनयिक माध्यमों के जरिए लिखित में एक-दूसरे को अधिसूचित करेंगे ।

2. यह करार इस अनुच्छेद के पैराग्राफ 1 में उल्लिखित अधिसूचनाओं की उत्तरवर्ती तारीख को लागू होगा और अनुच्छेद 1 में वर्णित सभी मामलों के संबंध में तथा करार पर हस्ताक्षर होने की तारीख को अथवा उसके बाद आरम्भ होने वाली सभी कराधेय अवधियों के लिए अथवा जहां कोई कराधेय अवधि नहीं है, करार पर हस्ताक्षर करने की तारीख को अथवा उसके बाद उद्भूत सभी कर प्रभारों के लिए प्रभावी होगा ।

1712 CHD/11-4

अनुच्छेद 14
समापन

1. यह करार तब तक लागू रहेगा जब तक कि दोनों में से कोई एक संविदाकारी पक्ष इसे समाप्त नहीं कर देता है ।

2. दोनों में से कोई भी संविदाकारी पक्ष इसके लागू होने की तारीख से तीन वर्षों की समाप्ति के बाद राजनयिक माध्यमों के जरिए दूसरे संविदाकारी पक्ष को समापन की एक लिखित सूचना भेजकर करार को समाप्त कर सकता है ।

3. इस तरह का समापन, दूसरे संविदाकारी पक्ष द्वारा समापन के नोटिस की प्राप्ति की तारीख के बाद छह महीने की अवधि की समाप्ति के अनुवर्ती माह के प्रथम दिन को प्रभावी होगा । समापन की प्रभावी तारीख तक प्राप्त किए गए सभी अनुरोधों को करार के उपबंधों के अनुसार निपटाया जाएगा ।

4. यदि करार को समाप्त किया जाता है, तो संविदाकारी पक्ष करार के अंतर्गत प्राप्त की गई किसी भी सूचना के संबंध में अनुच्छेद 8 के उपबंधों के तहत बाध्य होंगे ।

जिसके साक्ष्य में, इसके लिए विधिवत रूप से प्राधिकृत अधोहस्ताक्षरियों ने इस करार पर हस्ताक्षर किए हैं ।

नासाऊ में वर्ष दो हजार ग्यारह के फरवरी माह के ग्यारहवें दिन प्रत्येक को हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषाओं में निष्पन्न किया गया है, दोनों पाठ समान रूप से प्रामाणिक हैं । अर्थ निरूपण में भिन्नता की स्थिति में अंग्रेजी पाठ प्रभावी माना जाएगा ।

भारत गणराज्य की
सरकार की ओर से

ह0/

(महामहिम मोहिन्दर एस. ग्रोवर)
जमाइका में एवं साथ ही बहामास
राष्ट्रमण्डल के लिए अधिकृत
भारत के उच्चायुक्त

बहामास राष्ट्रमण्डल की
सरकार की ओर से

ह0/

(माननीय जिवार्गो लैंग, एमपी)
बहामास राष्ट्रमण्डल की सरकार
में वित्त राज्य मंत्री

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

NOTIFICATION

New Delhi, the 13th May, 2011

(INCOME-TAX)

S.O. 1049(E).— Whereas, an Agreement between the Government of the Republic of India and the Government of the Commonwealth of The Bahamas for the Exchange of Information with respect to taxes was signed at Nassau, Bahamas on the 11th day of February, 2011 (hereinafter referred to as the said Agreement);

And whereas, the date of entry into force of the said Agreement is the 1st day of March, 2011, being the date of later of the notifications of completion of the procedures as required by the respective laws for entry into force of the said Agreement, in accordance with paragraph 2 of article 13 of the said Agreement;

And whereas, paragraph 2 of article 13 of the said Agreement provides that the provisions of the said Agreement shall have effect with respect to all matters described in article 1, for all taxable periods beginning on or after the date of signing of the Agreement or, where there is no taxable period, for all charges to tax arising on or after the date of signing of the Agreement;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 90 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby directs that all the provisions of the Agreement between the Government of the Republic of India and the Government of the Commonwealth of the Bahamas for the exchange of information with respect to taxes, as set out in the Annexure hereto, shall be given effect to in the Union of India with respect to all matters described in article 1, for all taxable periods beginning on or after the date of signing of the Agreement (i.e the 11th day of February, 2011) or, where there is no taxable period, for all charges to tax arising on or after the date of signing of the Agreement.

[Notification No. 25/2011/F. No. 503/6/2009-FTD-I]

SANJAY KUMAR MISHRA, Jt. Secy.

Annex

AGREEMENT
BETWEEN
THE GOVERNMENT OF THE REPUBLIC OF INDIA
AND
THE GOVERNMENT OF THE COMMONWEALTH OF THE BAHAMAS
FOR
THE EXCHANGE OF INFORMATION
WITH RESPECT TO TAXES

The Government of the Republic of India and the Government of the Commonwealth of The Bahamas, desiring to facilitate the exchange of information with respect to taxes, have agreed as follows:

Article 1
Object and Scope of the Agreement

The competent authorities of the Contracting Parties shall provide assistance through exchange of information that is foreseeably relevant to the administration and enforcement of the domestic laws of the Contracting Parties concerning taxes covered by this Agreement. Such information shall include information that is foreseeably relevant to the determination, assessment and collection of such taxes, the recovery and enforcement of tax claims, or the investigation or prosecution of tax matters. Information shall be exchanged in accordance with the provisions of this Agreement, and shall be treated as confidential in the manner provided in Article 8. The rights and safeguards secured to persons by the laws or administrative practice of the requested Party remain applicable to the extent that they do not unduly prevent or delay effective exchange of information.

Article 2
Jurisdiction

Information shall be exchanged in accordance with this Agreement without regard to whether the person to whom the information relates is, or whether the information is held by, a resident of a Contracting Party. However, a requested Party is not obliged to provide information which is neither held by its authorities nor is in the possession or control of persons who are within its territorial jurisdiction.

Article 3
Taxes Covered

1. The taxes which are the subject of this Agreement are:

   a) in India, taxes of every kind and description imposed by the Central Government or the Governments of political subdivisions or local authorities, irrespective of the manner in which they are levied;

b) in The Bahamas, taxes of every kind and description.

2. This Agreement shall also apply to any identical or substantially similar taxes imposed after the date of signature of this Agreement in addition to, or in place of, the existing taxes. The competent authorities of the Contracting Parties shall notify each other of any substantial changes to the taxation and related information gathering measures, which may affect the obligations of that Party pursuant to this Agreement, within a reasonable time.

Article 4
Definitions

1. For the purposes of this Agreement, unless otherwise defined:

a) the term "India" means the territory of India and includes the territorial sea and airspace above it, as well as any other maritime zone in which India has sovereign rights, other rights and jurisdiction, according to the Indian law and in accordance with international law, including the U.N. Convention on the Law of the Sea;

b) the term "The Bahamas" means the Commonwealth of The Bahamas encompassing the land, the territorial waters, and in accordance with international law and the laws of The Bahamas any area outside the territorial waters inclusive of the exclusive economic zone and the seabed and subsoil over which The Bahamas exercises jurisdiction and sovereign rights for the purpose of exploration, exploitation and conservation of natural resources;

c) the term "Contracting Party" means India or The Bahamas as the context requires;

d) the term "competent authority" means

(i) in the case of India, the Finance Minister, Government of India, or its authorized representative;

(ii) in the case of The Bahamas, the Minister of Finance or the Minister's authorized representative;

e) the term "person" includes an individual, a company, a body of persons and any other entity which is treated as a taxable unit under the taxation laws in force in the respective Contracting Parties;

f) the term "company" means any body corporate or any entity that is treated as a body corporate for tax purposes;

g) the term "publicly traded company" means any company whose principal class of shares is listed on a recognised stock exchange provided its listed shares can be readily purchased or sold by the public. Shares can be purchased

or sold "by the public" if the purchase or sale of shares is not implicitly or explicitly restricted to a limited group of investors;

h) the term "principal class of shares" means the class or classes of shares representing a majority of the voting power and value of the company;

i) the term "collective investment fund or scheme" means any pooled investment vehicle, irrespective of legal form;

j) the term "public collective investment fund or scheme" means any collective investment fund or scheme provided the units, shares or other interests in the fund or scheme can be readily purchased, sold or redeemed by the public. Units, shares or other interests in the fund or scheme can be readily purchased, sold or redeemed "by the public" if the purchase, sale or redemption is not implicitly or explicitly restricted to a limited group of investors;

k) the term "recognised stock exchange" means

(i) in India, the National Stock Exchange, the Bombay Stock Exchange, and any other stock exchange recognised by the Securities and Exchange Board of India;
(ii) in The Bahamas, the Bahamas International Securities Exchange; and
(iii) any other stock exchange which the competent authorities agree to recognise for the purposes of this Agreement;

l) the term "tax" means any tax to which this Agreement applies;

m) the term "requesting Party" means the Contracting Party submitting a request for information to, or having received information from, the requested Party;

n) the term "requested Party" means the Contracting Party which is requested to provide information or which has provided information;

o) the term "information gathering measures" means laws and administrative or judicial procedures that enable a Contracting Party to obtain and provide the requested information; and

p) the term "information" means any fact, statement, document or record in whatever form.

2. As regards the application of this Agreement at any time by a Contracting Party, any term not defined herein shall, unless the context otherwise requires or the competent authorities agree to a common meaning pursuant to the provisions of Article 12 of this Agreement, have the meaning that it has at that time under the law of that Party, any meaning under the applicable tax laws of that Party prevailing over a meaning given to the term under other laws of that Party.

Article 5
Exchange of Information upon Request

1. The competent authority of the requested Party shall provide upon request information for the purposes referred to in Article 1. Such information shall be exchanged without regard to whether the requested Party needs such information for its own tax purposes or whether the conduct being investigated would constitute a crime under the laws of the requested Party if such conduct occurred in the requested Party.

2. If the information in the possession of the competent authority of the requested Party is not sufficient to enable it to comply with the request for information, that Party shall use all relevant information gathering measures to provide the requesting Party with the information requested, notwithstanding that the requested Party may not need such information for its own tax purposes.

3. If specifically requested by the competent authority of the requesting Party, the competent authority of the requested Party shall provide information under this Article, to the extent allowable under its domestic laws, in the form of depositions of witnesses and authenticated copies of original records.

4. Each Contracting Party shall ensure that its competent authority, for the purposes of this Agreement, has the authority to obtain and provide upon request:

a) information held by banks, other financial institutions, and any person, including nominees and trustees, acting in an agency or fiduciary capacity;

b) information regarding the legal and beneficial ownership of companies, partnerships, collective investment funds or schemes, trusts, foundations, "Anstalten" and other persons, including, within the constraints of Article 2, ownership information on all such persons in an ownership chain; in the case of collective investment funds or schemes, information on shares, units and other interests; in the case of trusts, information on settlors, trustees and beneficiaries; in the case of foundations, information on founders, members of the foundation council and beneficiaries; and equivalent information in the case of entities that are neither trusts nor foundations.

5. This Agreement does not create an obligation on the Contracting Parties to obtain or provide ownership information with respect to publicly traded companies or public collective investment funds or schemes unless such information can be obtained without giving rise to disproportionate difficulties.

6. The competent authority of the requesting Party shall provide the following information, in writing, to the competent authority of the requested Party when making a request for information under the Agreement to demonstrate the foreseeable relevance of the information to the request:

a) the identity of the taxpayer under examination or investigation;

b) if known, the identity of the person in respect of which information is requested, if that person is not the taxpayer in subparagraph (a);

c) the period for which information is requested;

d) the nature of the information requested and the form in which the requesting Party would prefer to receive it;

e) the tax purpose for which the information is sought;

f) grounds for believing that the information requested is present in the requested Party or is in the possession or control of a person within the jurisdiction of the requested Party;

g) to the extent known, the name and address of any person believed to be in possession or control of the requested information;

h) the legal provision under which the examination, assessment or investigation is carried out, and a statement that the request is in conformity with the laws and administrative practices of the requesting Party, that if the requested information was within the jurisdiction of the requesting Party then the competent authority of the requesting Party would be able to obtain the information under the laws of the requesting Party or in the normal course of administrative practice and that it is in conformity with this Agreement; and

i) a statement that the requesting Party has pursued all means available in its own territory to obtain the information, except those that would give rise to disproportionate difficulties.

7. The competent authority of the requested Party shall forward the requested information as promptly as possible to the requesting Party. To ensure a prompt response, the competent authority of the requested Party shall:

a) Confirm receipt of a request in writing to the competent authority of the requesting Party and shall notify the competent authority of the requesting Party of deficiencies in the request, if any, within 60 days of the receipt of the request.

b) If the competent authority of the requested Party has been unable to obtain and provide the information within 90 days of receipt of the request, including if it encounters obstacles in furnishing the information or it refuses to furnish the information, it shall immediately inform the requesting Party, explaining the reason for its inability, the nature of the obstacles or the reasons for its refusal.

Article 6
Tax Examinations Abroad

1. At the request of the competent authority of the requesting Party, the requested Party may allow representatives of the competent authority of the requesting Party to enter the territory of the requested Party, to the extent permitted under its domestic

laws, to interview individuals and examine records with the prior written consent of the individuals or other persons concerned. The competent authority of the requesting Party shall notify the competent authority of the requested Party of the time and place of the intended meeting with the individuals concerned.

2. At the request of the competent authority of the requesting Party, the requested Party may allow representatives of the competent authority of the requesting Party to be present at the appropriate part of a tax examination in the requested Party, in which case the competent authority of the requested Party conducting the examination shall, as soon as possible, notify the competent authority of the requesting Party about the time and place of the examination, the authority or official designated to carry out the examination and the procedures and conditions required by the requested Party for the conduct of the examination. All decisions with respect to the conduct of the tax examination shall be made by the Party conducting the examination.

Article 7
Possibility of Declining a Request for information

1. The competent authority of the requested Party may decline to assist:

a) where the request is not made in conformity with this Agreement;

b) where the requesting Party has not pursued all means available in its own territory to obtain the information, except where recourse to such means would give rise to disproportionate difficulty; or

c) where disclosure of the information would be contrary to public policy (ordre public) of the requested Party.

2. This Agreement shall not impose on a Contracting Party the obligation:

a) to supply information which would disclose any trade, business, industrial, commercial or professional secret or trade process, provided that information described in paragraph 4 of Article 5 shall not be treated as such a secret or trade process merely because it meets the criteria in that paragraph;

b) to carry out administrative measures at variance with its laws and administrative practices, provided nothing in this subparagraph shall affect the obligations of a Contracting Party under paragraph 4 of Article 5; or

c) to obtain or provide information which would reveal confidential communications between a client (or his admitted legal representative) and a professional legal advisor where such communications are:

(i) produced for the purposes of seeking or providing legal advice; or
(ii) produced for the purposes of use in existing or contemplated legal proceedings.

Information held with the intention of furthering a criminal purpose is not subject to legal privilege, and nothing in this Article shall prevent a professional legal advisor from providing the name and address of a client where doing so would not constitute a breach of legal privilege.

3. A request for information shall not be refused on the ground that the tax claim giving rise to the request is disputed.

4. The requested Party shall not be required to obtain and provide information which the requesting Party would be unable to obtain in similar circumstances under its own laws for the purpose of the administration or enforcement of its own tax laws or in response to a valid request from the requested Party under this Agreement.

5. The Contracting Parties agree that, if an information request under the Agreement is believed to be deficient in some respect, while other parts of the request meet the requirements of the Agreement, the competent authority of the requested Party will provide the information that is responsive to that part of the request that meets the requirements of the Agreement.

6. The requested Party may decline a request for information if the information is requested by the applicant Party to administer or enforce a provision of the tax law of the applicant Party, or any requirement connected therewith, which discriminates against a national of the requested Party as compared with a national of the applicant Party in the same circumstances.

Article 8
Confidentiality

Any information received by a Contracting Party under this Agreement shall be treated as confidential and may be disclosed only to persons or authorities (including courts and administrative bodies) in the jurisdiction of the Contracting Party concerned with the assessment or collection of, the enforcement or prosecution in respect of, or the determination of appeals in relation to, the taxes covered by this Agreement. Such persons or authorities shall use such information only for such purposes. They may disclose the information in public court proceedings or in judicial decisions. The information may not be disclosed to any other person or entity or authority or any other jurisdiction (including a foreign Government) without the express written consent of the competent authority of the requested Party.

Article 9
Costs

1. Costs that would be incurred in the ordinary course of administering the domestic tax laws of the requested Party will be borne by the requested Party when such costs are incurred for the purpose of responding to a request for information. Such ordinary costs would normally cover internal administration costs and any minor external costs.

2. All other costs that are not ordinary costs are considered extraordinary costs and will be borne by the requesting party. Examples of extraordinary costs include, but are not limited to, the following:

a) reasonable fees charged by third parties for carrying out research;
b) reasonable fees charged by third parties for copying documents;
c) reasonable costs of engaging experts;
d) reasonable costs of conveying documents to the requesting Party;
e) reasonable litigation costs of the requested party in relation to a specific request for information; and
f) reasonable costs for obtaining depositions or testimony.

3. The Contracting Parties will consult each other in any particular case where extraordinary costs are likely to exceed $US500 to determine whether the requesting Party will continue to pursue the request and bear the cost.

Article 10
Implementation Legislation

The Contracting Parties shall enact any legislation necessary to comply with, and give effect to, the terms of the Agreement.

Article 11
Language

Requests for assistance and answers thereto shall be drawn up in English.

Article 12
Mutual Agreement Procedure

1. Where difficulties or doubts arise between the Contracting Parties regarding the implementation or interpretation of the Agreement, the competent authorities shall endeavour to resolve the matter by mutual agreement. In addition, the competent authorities of the Contracting Parties may mutually agree on the procedures to be used under Articles 5 and 6 of this Agreement.

2. The competent authorities of the Contracting Parties may communicate with each other directly for purposes of reaching agreement under this Article.

3. The Contracting Parties may also agree on other forms of dispute resolution.

Article 13
Entry into Force

1. The Contracting Parties shall notify each other in writing, through diplomatic channels, of the completion of the procedures required by their respective laws for the entry into force of this Agreement.

2. This Agreement shall enter into force on the date of the later of the notifications referred to in paragraph 1 of this Article and shall thereupon have effect with respect to all matters described in Article 1, for all taxable periods beginning on or after the date of signing of the Agreement or, where there is no taxable period, for all charges to tax arising on or after the date of signing of the Agreement.

Article 14
Termination

1. This Agreement shall remain in force until terminated by either Contracting Party.

2. Either Contracting Party may, after the expiry of three years from the date of its entry into force, terminate the Agreement by serving a written notice of termination to the other Contracting Party through diplomatic channels.

3. Such termination shall become effective on the first day of the month following the expiration of a period of six months after the date of receipt of notice of termination by the other Contracting Party. All requests received up to the effective date of termination shall be dealt with in accordance with the provisions of the Agreement.

4. If the Agreement is terminated, the Contracting Parties shall remain bound by the provisions of Article 8 with respect to any information obtained under the Agreement.

In witness whereof, the undersigned, being duly authorised thereto, have signed this Agreement.

DONE in duplicate at Nassau on this Eleventh day of February 2011, in the Hindi and English languages, both texts being equally authentic. In case of divergence of interpretation, the English text shall prevail.

For the Government of the Republic of India:	For the Government of the Commonwealth of The Bahamas:
Sd./	Sd./
(His Excellency Mohinder S. Grover) High Commissioner of India to Jamaica and concurrently accredited to the Commonwealth of The Bahamas	(Hon. Zhivargo Laing, MP) Minister of State for Finance for the Government of the Commonwealth of The Bahamas

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.